आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 02.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

दीपोत्सव की श्रृंखला में आज देश–प्रदेश में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन हो रहे है। घरों और मंदिरों में द्वार के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर विधिवत पूजन किया गया। कई जगह आरती के सामूहिक आयोजन रखे गये। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाकर भगवान की स्तुति की गई। बृज क्षेत्र भरतपुर में गोवर्धन पूजा को लेकर विशेष उल्लास देखा गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले से लगते गिरिराज जी की परिक्रमा को लेकर भी बडी संख्या में भक्तजन पहुंचे। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में भी गोवर्धन पूजा धार्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। कई जगह परम्परागत रूप से बैलों और पशुधन की सजा धजा कर पूजा अर्चना की गई। पाली के ग्रामीण क्षेत्रों में बैलों के मेहंदी लगाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। जिले के रोहट और आस–पास के गांवों में शाम को बैलों का श्रृंगार कर उनके सींगों पर नारियल और रूपये बांधकर उन्हें दौडाया जायेगा। सांचौर के डावल गांव में परम्परागत रूप से आज ऊंटों की दौड़ सहित विभिन्नप्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान ऊंटों के साथ घोडो की भी साज सज्जा कर नृत्य करवाया गया। इधर अन्नकूट महोत्सव को लेकर भी राज्यभर में धार्मिक उल्लास का माहौल है। राजधानी जयपुर में गोविंद देवजी, लक्ष्मीनारायण जी, श्रीकृष्ण बलराम मंदिर सहित सभी छोटे बडे मंदिरों में अन्नकूट के आयोजन भी रखे गये है। बाजरा, मूंग, चौला आदि से अन्नकूट बनाकर ठाकुरजी को भोग लगाया जा रहा है और प्रसादी वितरण कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान शहर के कई मंदिरों में गोवर्धन पर्वत और छप्पन भोग की झांकियां भी सजाई गई है। दौसा के ग्रामीण इलाकों में आज अन्नकूट पर बाजरे की नई फसल के विभिन्न व्यंजन बनाकर ठाकुर जी को भोग लगाया गया। भरतपुर में भी आज से अन्नकूट महोत्सव शुरू हो गया। अराध्य गिरिराज जी को भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। करौली के बांके बिहारी सहित विभिन्न मंदिरों में भी आज ही भगवान को अन्नकूट अर्पित किया जा रहा है। इस बीचराजसमंद के श्रीनाथ मंदिर में कल देर रात परम्परागत रूप से अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। श्रीजी के सामने चावल प्रसाद का ढेर लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट दर्शन खोले गए। दीपोत्सव की कडी में राज्य में कुछ स्थानों पर आज भाईदूज का त्यौहार भी मनाया जा रहा हैं। बहने अपने भाईयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की प्रार्थना कर रही है।

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनो नेताओं के बीच हुई टेलिफोनिक वार्ता में भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे और पश्चिम एशिया में विकास सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने हाल ही में उच्च स्तरीय आदान–प्रदान के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों में उत्पन्न गति की भी सराहना की।

उन्होंने व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी सहित द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की।

000000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इस साल त्यौहारों पर सात हजार चार सौ 35 विशेष रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा के बाद श्री वैष्णव ने कहा कि 31 अक्टूबर तक इन रेल गाडियों से यात्रा करने वालो की संख्या 51 लाख हो गई है। रेल मंत्री ने रेलवे सुरक्षा बल और रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस बीच देश में त्यौहारों के मौसम में उमड रही भारी भीड को देखते हुए रेलवे प्रशासन लगातार इंतजामों में जुटा हुआ है। अतिरिक्त गाडियों की व्यवस्थाओं के साथ ही गाडियों के फेरों की संख्या भी बढाई गई है। स्टेशनों पर किसी अप्रिय घटना और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विशेष इंतजाम किए गए है।

00000

भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच मुम्बई के वानखेडे स्टेडियम में खेले जा रहे श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत ने न्यूजीलैण्ड पर मामूली बढत बना ली है। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने 8 विकेट पर 239 रन बना लिये है। शुभमनगिल 90 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले भारतीय टीम ने आज चार विकेट पर 86 रन से आगे खेलना शुरू किया। न्यूजीलैण्ड की टीम पहली पारी में 235 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी। भारत की ओर से रविन्द्र जडेजा ने पांच और वांशिगटन सुंदर ने चार विकेट लिए। न्यूजीलैंड तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दो–शून्य से आगे है।

00000